दिनांकः 09.11.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रदेश में मतदाता सूची की एसआईआर प्रक्रिया के तहत अब तक लगभग दो करोड़ गणना फॉर्म वितरित किये गयें
- बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर 11 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचार थमा–अब प्रत्याशी घर–घर जाकर जनसम्पर्क कर सकेंगें
- प्रदेश में चल रहे सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बड़े पैमाने पर लोगों को सुरक्षित ड्राईविंग और यातायात नियमों की पालना के प्रति जागरूक किया जा रहा हैं
- राज्य में ठण्डी हवाओं ने सर्दी का अहसास बढ़ाया–कुछ स्थानों पर सुबह–शाम कोहरे का भी असरं

000

प्रदेश में मतदाता सूची की एसआईआर प्रक्रिया के तहत अब तक लगभग दो करोड़ मतदाताओं को गणना फॉर्म वितरित किये जा चुके हैं मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि रविवार का अवकाश होने के कारण आज बीएलओ का ईएफ वितरण सघन अभियान चलाया गयां 4 नवम्बर से शुरू हुए इस काम में कल तक एक करोड़ 56 लाख से अधिक गणना प्रपत्र बांटे जा चुके थें इनमें बाड़मेर ज़िला अब तक अव्वल रहा हैं श्री महाजन ने बताया कि गणना प्रपत्रों के वितरण काम में चित्तौडगढ़ और अलवर ज़िले भी अग्रणी रहे हैं मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता, गणना फार्म ऑन लाइन भी जमा करवा सकते हैं उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग की वेबसाईट पर ये सुविधा उपलब्ध हैं मतदाता केवल खुद का ऑन लाइन फॉर्म ही भर सकता हैं करौली जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना ने आज कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर एसआईआर प्रकिया की जानकारी लीं वहीं जालौर में बूथ लेवल एजेंट की प्रशिक्षण कार्यशाला रखी गईं

000

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिये प्रचार आज शाम थम गयां प्रचार के अंतिम दिन आज भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने रोड़ शो कियां वहीं कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के प्रचार की कमान प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने संभालीं पूर्व मंत्री अशोक चांदना ने भी कांग्रेस उम्मीदवार को विजयी बनाने के लिए लोगों से समर्थन मांगां

निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा भी चुनावी रण में पूरा दमखम लगाते हुए मुकाबले को रोचक बना रहे हैं आरएलपी प्रमुख हनुमान बेनीवाल उनके जनसम्पर्क में जुटे हैं

........................

अंता सीट पर उपचुनाव के लिए 11 नवम्बर को मतदान होगां वहीं 14 नवम्बर को वोटों की गिनती के बाद नतीजों की घोषणा की जाएगीं

000

जीएसटी कटौती से ऑटो मोबाइल्स सेक्टर पर खासा असर पड़ा है, हाल ही में किये गये जीएसटी सुधारों के बाद छोटी कारों और दुपहिया वाहनों पर कर दरें कम हुई हैं इससे उनकी कीमतें गिरी हैं और बिक्री में काफी उछाल आया हैं बढ़ी हुई बिक्री से ऑटो मोबाइल्स निर्माताओं के साथ टायर, बैट्री, स्टील सहित सहायक उद्योगों को भी फायदा पहुंचा हैं जीएसटी दरों में कमी के कारण कारे, मध्यम वर्ग के खरीदारों के लिए किफायती हुई हैं पाली निवासी मुकेश राजा ने हाल ही में नई गाड़ी खरीदी हैं चौपहिया वाहनों पर टैक्स कम करने के लिए उन्होंने सरकार को धन्यवाद दिया हैं

.....................

राष्ट्रीय एकता और स्वदेशी के संकल्प को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में प्रदेशभर में विभिन्न गतिविधियां जारी हैं इसी कड़ी में बाड़मेर में आज प्रभात फेरी और दुपहिया वाहन रैली निकाली गईं साथ ही जिला अस्पताल परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गयां

शहर के भगवान महावीर टाउन हॉल में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में स्वतंत्रता सैनानियों और शहीदों के परिजनों का सम्मान किया जा रहा हैं वहीं बालोतरा में भी तिरंगा रैली निकाली गई

000

जन नायक बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के मौके पर प्रदेश में जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा हैं इसी कड़ी में सिरोही जिले की झाडोली स्थित वनधन विकास केन्द्र में विशेष कार्यक्रम रखा गयां इस दौरान वनधन उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गईं राजीविका के सहयोग से लगाई गई इस प्रदर्शनी में जूट बैग, हर्बल गुलाल, शहद, मोरिंगा पाउडर और अन्य उत्पाद आकर्षण का केन्द्र रहें

000

प्रदेश में चल रहे सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लोगों को सुरक्षित ड्राईविंग और यातायात नियमों की पालना के प्रति जागरूक किया जा रहा हैं 4 नवम्बर से शुरू हुआ ये अभियान 18 नवम्बर तक चलेगां

इस दौरान पुलिस, परिवहन और अन्य विभागों की संयुक्त मुहिम के तहत नियमों का उल्लंघन करने पर हजारों वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा रही हैं भरतपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान के तहत परिवहन विभाग की टीम राष्ट्रीय राजमार्गों सहित शहर में जगह जगह वाहन चालकों को रोक कर सीट बैल्ट लगाने और हैलमेट पहनने के लिए प्रेरित कर रही हैं

..................

000

राज्य में ठण्डी हवाओं ने सर्दी का अहसास बढ़ा दिया हैं 10 से अधिक शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया जा रहा हैं वहीं सीकर के फतेहपुर में आज न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस रहां वहीं नागौर में 8, दौसा तथा बीकानेर के लूणकरणसर में साढे 8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज हुआं

सिरोही से हमारे संवाददाता ने बताया कि पिछले तीन चार दिनों से लगातार ठण्डी हवाओं का सिलसिला बना हुआ हैं सुबह और शाम के समय कोहरे का असर और ठण्ड का अहसास बढ़ा रहा हैं

.....................

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आने वाले दिनों में दिन और रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस गिरावट के आसार हैं

000

बूंदी में चल रहे तीन दिवसीय उत्सव के दूसरे दिन आज नवल सागर पार्क में संगीत संध्या रखी गई हैं वहीं कल नवल सागर झील में दीपदान और गंगा आरती कार्यक्रम हुआं देशी–विदेशी सैलानियों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने इस आयोजन में भक्तिभाव से हिस्सा लेते हुए झिलमिलाते दीयों की रोशनी का निहारां वहीं पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन की ओर से अलवर में 23 नवम्बर से मत्स्य उत्सव मनाया जाएगां 4 दिन के इस आयोजन में कई तरह की सांस्कृतिक गतिविधियां और रोचक मुकाबले होगें

000

देश में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को समय पर सहायता लेने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से सरकार की टेली मानस डिजिटल पहल सार्थक साबित हो रही हैं

...............

000

सरहदी और मरूस्थलीय जिला जैसलमेर इन दिनों प्रवासी पक्षियों से गुलज़ार हैं यहां के जलाशयों में साइबेरिया, मंगोलिया और अन्य दूर–दराज देशों से आये परिन्दों की रौनक हैं यहां विभिन्न प्रजातियों के गिद्ध, उल्लू और कई तरह के जलीय पक्षियों की अठखेलियां देखी जा सकती हैं

हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि आम तौर पर नवम्बर से शुरू हुई पक्षियों की आवक फरवरी महीने तक बनी रहती हैं

.........................

000

आज राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस हैं जरूरतमंदों को कानूनी सहायता और जागरूकता के लिए ये दिन मनाया जाता हैं इसी दिन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 लागू किया गया था, जिसके कारण कमजोर और वंचित वर्गों को मुफ्त कानूनी सहायता करने वाले संगठनों की स्थापना हुई इनके माध्यम से लोक अदालतों का आयोजन कर राजीनामे योग्य मामलों का निस्तारण किया जाता हैं विधिक सेवा दिवस के मौके पर जैसलमेर में आज जागरूकता शिविर आयोजित किया गयां

000